पत्रांक–BSEB/OFSS//135/2026

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

प्रेषक,

**संयुक्त सचिव (OFSS)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

सेवा में,

**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार।**

पटना, दिनांक 24.06.2026

**विषय :– OFSS के माध्यम से +2/इण्टर कक्षा में स्पॉट नामांकन (Spot Admission) के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा दिनांक 05.05.2026 को प्रथम चयन सूची, दिनांक 29.05.2026 को द्वितीय चयन सूची एवं दिनांक 15.06.2026 को तृतीय चयन सूची जारी की गयी थी।

2. तृतीय चयन सूची के आधार पर नामांकित विद्यार्थियों के Updation के बाद विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विभिन्न संकायों में जो सीटें रिक्त रह जायेंगी, उन सीटों के लिये स्पॉट नामांकन (Spot Admission) लिये जाने का प्रावधान है, जिसके तहत विद्यार्थी OFSS पोर्टल से आवेदन पत्र की प्रति Download कर संबंधित शिक्षण संस्थानों में जमा करेंगे।

3. स्पॉट नामांकन (Spot Admission) हेतु निम्नांकित तीन श्रेणी के विद्यार्थी हो सकते हैं :–

(क) वैसे विद्यार्थी, जिनका चयन तृतीय चयन सूची (Third Selection List) में भी नहीं हुआ है, अथवा

(ख) वैसे विद्यार्थी, जिन्होंने अभी तक OFSS के माध्यम से आवेदन नहीं दिया है, अथवा

(ग) वैसे विद्यार्थी, जिन्होंने OFSS में चयन होने के पश्चात् भी नामांकन नहीं लिया था।

4. उक्त कंडिका–3 में अंकित विद्यार्थीगण विभिन्न शिक्षण संस्थानों में स्पॉट नामांकन (Spot Admission) हेतु OFSS पोर्टल से आवेदन पत्र का प्रिंट निकालकर दिनांक 25.06.2026 से 26.06.2026 के बीच जमा करेंगे। ऐसे शिक्षण संस्थानों जिनमें तृतीय चयन सूची में चयनित विद्यार्थियों के नामांकन के पश्चात् सीटें रिक्त रह गयी हैं, वैसे शिक्षण संस्थान स्पॉट नामांकन (Spot Admission) के माध्यम से नामांकन लेने हेतु निम्न प्रक्रिया अपनायेंगेः–

i. संबंधित संस्थान के प्रधान को आवेदकों से स्पॉट नामांकन (Spot Admission) के आवेदन पत्र को प्राप्त करने हेतु शिक्षण संस्थानों में दिनांक 25.06.2026 से 26.06.2026 तक काउन्टर की व्यवस्था करनी होगी, जहाँ पर आवेदन पत्र जमा करने के पश्चात् संबंधित शिक्षण संस्थानों द्वारा पावती रसीद संबंधित आवेदक को दी जायेगी।

ii. आवेदन जमा करने के पश्चात् संबंधित शिक्षण संस्थानों दिनांक 27.06.2026 को स्पॉट नामांकन (Spot Admission) की चयन सूची प्रकाशित करेंगे एवं उसकी प्रति विद्यार्थियों की सूचना हेतु सूचना पट पर कम से कम तीन स्थानों पर प्रदर्शित करेंगे।

iii. यदि संभव हो, तो चयन संबंधी सूचना विद्यार्थियों को E-mail एवं SMS के माध्यम से भी भेजी जा सकती है, किन्तु यदि विद्यार्थियों को E-mail एवं SMS भेजना संभव न हो तो दिनांक 27.06.2026 को अपने शिक्षण संस्थानों में कम से कम तीन स्थानों पर स्पॉट नामांकन हेतु चयन सूची प्रदर्शित किया जाय।

iv. ऐसी संभावना है कि एक विद्यार्थी अपने नामांकन की संभावनाओं को देखते हुये एक से अधिक शिक्षण संस्थानों/संकाय में स्पॉट नामांकन (Spot Admission) हेतु आवेदन पत्र भरेंगे। अतः अगर शिक्षण संस्थानों/संकाय में उपलब्ध रिक्त सीटों से अधिक आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो शिक्षण संस्थानों द्वारा दिनांक 27.06.2026 को ही एक प्रतीक्षा सूची भी प्रकाशित की जायेगी ताकि आवश्यकता होने पर प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों का भी नामांकन लिया जा सके।

v. जिन विद्यार्थियों का चयन स्पॉट नामांकन (Spot Admission) के माध्यम से संबंधित शिक्षण संस्थानों में होगा उनका नामांकन संबंधित शिक्षण संस्थानों द्वारा दिनांक 27.06.2026 से 01.07.2026 तक लिया जा सकेगा।

vi. नामांकन कराने के पश्चात् संबंधित शिक्षण संस्थानों के प्रधान नामांकित विद्यार्थियों की सूची को OFSS पोर्टल पर दिनांक 02.07.2026 तक Update किया जाना सुनिश्चित करेंगे। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरतापूर्वक लिया जायेगा तथा ऐसे संस्थानों के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

vii. OFSS के माध्यम से नामांकित विद्यार्थियों का ही 11वीं कक्षा में पंजीयन हेतु बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा किया जायेगा एवं पंजीयकृत विद्यार्थी ही वर्ष 2028 की 12वीं/+2 वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र होगे।

नोटः– पूरी नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात् OFSS पोर्टल दिनांक 03.07.2026 से बन्द कर दिया जायेगा।

कृपया इसे अति आवश्यक समझा जाय।

24/6/26

**संयुक्त सचिव (OFSS)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।